आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट–दूसरा दिन

इंडिया–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी है। पांच दिवसीय यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। इस आयोजन में बीस देशों के नेता भाग ले रहे हैं। इस बीच स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में आयोजित भारत ए.आई इम्पैक्ट सम्मेलन में दो राष्ट्रीय पहलों की शुरूआत करेंगे। इन पहलों में भारत में स्वास्थ्य सेवा में ए.आई के लिए रणनीति–एस.ए.एच.आई और स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म–बीओडीएच शामिल हैं।

विधानसभा बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन भी आज आरडीजी पर चर्चा जारी रहेगी। सदन में प्रश्नकाल के अवाला अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। इसके अलावा लोक निर्माण, जलशक्ति, स्वास्थ्य और बागवानी विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण पर विधायक सुरेश कश्यप धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और सदन में अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने मंडी में अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान चिट्टा मुक्त अभियान के तहत सुकेती पुल पर हस्ताक्षर बैनर पर संदेश लिखकर अभियान का शुभारंभ किया और बैनर पर हस्ताक्षर कर हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। अग्निहोत्री ने लोगों, विशेषकर युवाओं से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

उप–मुख्यमंत्री –2

इस बीच उपमुख्यमंत्री ने मंडी में आयोजित सरस मेले का शुभारंभ भी किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेला ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण तथा स्थानीय हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन देने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं। उन्होंने लोगों से मेले में अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों को अपनाने की अपील की। 25 फरवरी तक आयोजित इस मेले में प्रदेश सहित कुल 14 राज्यों की सहभागिता है।

स्मार्ट मीटर

मंडी जिले में बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभों के प्रति जागरूक करने और इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 9 से 23 फरवरी तक *"स्मार्ट मीटर पखवाड़ा"* आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशों और राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के सहयोग से चलाया जा रहा है।

इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर विश्वास बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना और प्रीपेड मीटर प्रणाली की उपयोगिता को स्पष्ट करना है। इसी क्रम में विद्युत उप–मंडल सरकाघाट द्वारा 17 फरवरी को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, सरकाघाट में प्रातः 11:30 बजे एक विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। सहायक अभियंता इंजीनियर राज सिंह ने बताया कि बैठक में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इससे पहले 10 फरवरी को साईगलू विद्युत उप–मंडल द्वारा कोटली में भी एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ समझाए गए। यह योजना भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं और आम जनता से बैठक में भाग लेकर अधिक जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

अग्निवीर योजना

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2027 की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पंजीकरण 1 अप्रैल 2026 तक सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी रहेगा। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंडी, कुल्लू और लाहौल–स्पीति जिलों के पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से इसका लाभ उठाकर भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा में योगदान देने का आह्वान किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं हालांकि इन दिनों प्रदेश में मौसम सुहावना बनने से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने कल से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है।